शत-प्रतिशत टीकाकरण वाला प्रदेश का पहला ज़िला बना रायगढ़

चर्चा में क्यों?

21 अगस्त, 2021 को राज्य सरकार द्वारा आधिकारिक रूप से घोषणा की गई कि रायगढ़ छत्तीसगढ़ का पहला ज़िला बन गया है, जहाँ सभी वयस्कों को कोविड-19 वैक्सीन की पहली डोज मिली है।

प्रमुख बिंदु

- एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि ज़िले में टीकाकरण की पहली खुराक का लक्ष्य 20 अगस्त को पूरा कर लिया गया था, जिसकी घोषणा 21 अगस्त को की गई।
- लक्ष्य के अनुसार ज़िले में कुल जनसंख्या 16 लाख 94 हज़ार 234 में से 10 लाख 42 हज़ार 625 लोगों को कोरोना वैक्सीन की पहली डोज लगाई जानी थी, जिसे पूरा कर लिया गया है।
- यहाँ लक्ष्य के अनुसार 18 साल से अधिक आयु वर्ग के शत-प्रतिशत लोगों को कोरोना टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। लक्ष्य को पूरा करने में स्वास्थ्य विभाग व ज़िला प्रशासन को 217 दिन लगे।
- स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक टीकाकरण अभियान शुरू होने के बाद से रायगढ़ पूरे प्रदेश में अग्रणी रहा है। बीते 26 जून को ज़िले में महाटीकाकरण अभियान चलाया गया था, जिसमें एक ही दिन में रिकॉर्ड 1.43 लाख से अधिक वयस्कों को टीका लगाया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/raigarh-became-the-first-district-of-the-state-to-have-100-vaccination